भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5409

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

जोजिला सुरंग परियोजना

5409. श्री जामयांग त्सेरिंग नामग्यालः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जम्मू और कश्मीर में जोजिला सुरंग परियोजना की वर्तमान स्थिति और ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना के लिए आवंटित की गई निविदा/अनुबंध और इसके वित्तपोषण, नियोजन तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य को हासिल करने के लिए रणनीतिक स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस परियोजना के वित्तीय निहितार्थ क्या हैं और इस प्रयोजनार्थ अब तक कितनी धनराशि आवंटित/उपयोग की गई है; और

(घ) इस परियोजना को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): 14.150 किमी लंबी ज़ोजिला सुरंग का निर्माण कार्य मेसर्स आईएल एंड एफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क लिमिटेड को 19.01.2018 को सौंपा गया था और 24.01.2018 को अनुबंध करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। ठेकेदार (आईएल एंड एफएस ग्रुप) के वित्तीय संकट के कारण 15.01.2019 को काम समाप्त कर दिया गया था। बोली देय तिथि 08.08.2019 के साथ कार्य के लिए दिनांक 22.02.2019 को दोबारा निविदा की गई है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा 03.01.2018 को ईपीसी आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) के तहत परियोजना के वित्त पोषण (कुल परियोजना लागत) के लिए 6808.69 करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया है। परियोजना को पूरा करने की समयावधि इसके प्रारंभ होने की तिथि से 7 वर्ष है।

*****